दिनांक–12.05.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर कल मतदान, चुनाव आयोग की तैयारियां पूरी
- राज्य की आठ लोकसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार सामग्री का वितरण शुरू
- नेशनल लोक अदालत के तहत उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में 202 और इंदौर खंडपीठ में एक सौ पच्हत्तर मामलों का निपटारा
- प्रदेश में कई स्थानों पर आज बारिश की संभावना

लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव के चौथे और प्रदेश के अंतिम चरण में 8 लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कल मतदान होगा। इन सभी क्षेत्रों में कल शाम 6 बजे चुनाव प्रचार समाप्त गया।

इस चरण में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खंडवा लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में कल 13 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होना है।

चुनाव- इंदौर

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में इंदौर लोकसभा सीट के लिए भी 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए आज से मतदान दलों को सामग्री वितरण का कार्य शुरु किया गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे इंदौर संवाददाता

*इंदौर लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण का सिलसिला शुरु हो गया है। लोकसभा निर्वाचन के लिए जिलेभर में 2677 मतदान दल बनाए गए हैं। इन मतदान दलों के 10708 सदस्यों को जिला मुख्यालय पर नेहरु स्टेडियम से मतदान सामग्री वितरित की जा रही है। मतदान दलों को सामग्री वितरित करने के लिए स्टेडियम में तीन विशाल डोम बनाये गये हैं। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने लगभग 2 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को तैनात किया है। मतदान दलों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने 750 से अधिक वाहनों की व्यवस्था की है। सामग्री वितरण व्यवस्था की निगरानी के लिए 244 सेक्टर अधिकारियों को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि इंदौर संसदीय क्षेत्र में जिले की 8 विधानसभा आती हैं वहीं धार संसदीय क्षेत्र में आने वाली जिले की महू विधानसभा की सामग्री की वितरण की इंदौर के नेहरु स्टेडियम से होगा।*

मतदान

अन्य लोकसभा सीटों पर भी प्रचार सामग्री वितरण किया जा रहा है। धार जिले के सभी आठ विधानसभा मुख्यालयों पर मतदान दलों को सामग्री का वितरण का कार्य आज प्रातः 7 बजे से प्रारंभ हों गया हैं। गर्मी को ध्यान में रखते हुए सामग्री वितरण स्थल पर समस्त मतदान दल के कर्मचारियों के लिए शीतल पेय जल की व्यवस्था की गई है और आकस्मिक स्वास्थ्य उपचार के लिए अस्थाई अस्पताल भी बनाए गए है।

आगरमालवा जिले की आगर विधानसभा क्षैत्र में मतदान सम्पन्न करवाने हेतु मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण भी ष्शुरू कर दिया गया है। मतदान केन्द्रों पर जरूर जाएं, गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्र पर छाया, पानी, दवाइयां सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गई है। खण्डवा जिले में भी मतदानसामग्री का वितरण शुरू हो गया है।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे और अंतिम चरण के लिए लोगों को मतदान करने को प्रेरित करने के मकसद से अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आगर मालवा जिले के नगरीय क्षैत्र बड़ौद में शनिवार को बूथ अवेयरनेस ग्रुप द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान की अपील की गई। वही दूसरी और जिला मुख्यालय स्थित शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान के लिये आम लोगों को प्रेरित करने के लिए जन-जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही नगरीय क्षैत्र में पहले 100 मतदाताओं में से लक्की ड्रॉ के माध्यम से चयनित तीन मतदाताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। खण्डवा जिले के मांधाता, खण्डवा एवं पंधाना के विभिन्न ग्रामों में घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदान करने हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। सीहोर जिले में देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आष्टा विधानसभा के मतदान केन्द्रों में "चलें बूथ की ओर" अभियान विगत 09 मई से लगातार चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली, मेंहदी, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, कटआउट, पेंटिंग, दीवार लेखन, खेल, निबंध, वाद-विवाद के साथ ही घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित की जा रही है।

पीएम रैली

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में चार रैलियों को संबोधित करेंगे। वे कल शाम कोलकाता पहुंचे। श्री मोदी सबसे पहले पार्टी के बैरकपुर उम्मीदवार अर्जुन सिंह के समर्थन में उत्तर चौबीस परगना के जगतदल में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद व हावड़ा के पंचला, हुगली जिले के चिनशुरा और पुरशुरा में तीन रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

लोक अदालत

उच्च न्यायालय की ग्वालियर खण्डपीठ में कल नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस नेशनल लोक अदालत में 202 प्रकरणों का निराकरण किया गया। साथ ही मोटर दुर्घटना क्लेम अपील प्रकरणों में पीडित पक्षकारों को लगभग एक करोड़ 62 लाख 85 हजार रूपये की क्षतिपूर्ति के आदेश दिए गए। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ में नेशनल लोक अदालत में 175 प्रकरणों का निराकरण हुआ। निराकृत प्रकरणों में एक करोड़ 73 लाख रुपये के अवार्ड पारित किये गये। नेशनल लोक अदालत में उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर की ओर से लगभग 1 हजार 74 प्रकरणों को लोक अदालत हेतु गठित 2 खण्डपीठ के समक्ष रखा गया। इसमें से खण्डपीठ द्वारा 175 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

रायसेन जिले में राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु न्यायाधीशों की कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया था। लोक अदालत के माध्यम से चार करोड़ अठ्ठासी लाख रूपए के अवार्ड पारित किए गए। श्योपुर में 331 मामलो में 1 करोड़ से ज्यादा की राशि के आदेश दिए गए।

मौसम

प्रदेश में आज और कल कई स्थानो पर आंधी और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश की संभावना है। वही, कल प्रदेश के सभी जिलों में मौसम बदला रहेगा। कहीं बादल रहेंगे तो कहीं आंधी भी चल सकती है।

पिछले कुछ दिनो में कई जिलों में आंधी-बारिश और ओले गिरे हैं। जबकि उज्जैन, शाजापुर, रायसेन, सीहोर जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर, रतलाम में बादल छाए रहे। तेज हवा आंधी और बेमौसम बारिश के  कारण बुरहानपुर के ग्रामीण अंचलों में भारी नुकसान हुआ है।

.........................................................................